# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश आबादी की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य तो है ही, भारत की आस्था का केन्द्रबिन्दु भी है। आज इस राज्य में आने के लिये पूरे देश के लोग उत्सुक हैं। इसका प्रमाण बीते दिनों प्रयागराज महाकुंभ में देखने को मिला है, जिसमें छाछठ करोड़ लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी। मुख्यमंत्री आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के विकास में संवाद पर जोर दते हुए कहा कि संवाद से कठिन से कठिन समस्या का समाधान किया जा सकता है। जहां संवाद बाधित होता है वहीं से संघर्ष दिखायी पड़ने लगता है।

**लोकतंत्र के सशक्त आवाज है संवाद, लोकतंत्र के सबसे बड़ी ताकत है संवाद, कठिन से कठिन समस्या का समाधान का सशक्त माध्यम है संवाद जहां संवाद बाधित होता है वहीं से संघर्ष के रास्ते प्रारम्भ होते हैं। भारत का लोकतंत्र इतना सशक्त है कि उसने अपने सभी स्तम्भों के लिये उसकी लक्ष्मण रेखायें भी तय की है।**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बीते आठ वर्षों में प्रदेश में हर क्षेत्र में हुए विकासात्मक और रचनात्मक कार्यों की रूपरेखा रखी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर दौरे पर आएंगे। वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स गोरखपुर में प्रस्तावित रैन बसेरे के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से पांच सौ लोगों की क्षमता का यह रैन बसेरा चौवालिस करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। यह न केवल गोरखपुर का बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा रैन बसेरा होगा। एम्स गोरखपुर की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन देश दीपक वर्मा ने बताया कि इस पहल से एम्स में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री उन्नीस अप्रैल को गोरखपुर के मानबेला में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वह जिले की एक हजार पांच सौ करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

**********

वक्फ संशोधन अधिनियम के संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई के दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में केंद्र सरकार को उत्तर देने के लिए सात दिन का समय दिया। केंद्र सरकार ने इस मामले में कोर्ट को भरोसा दिलाया है कि इस अवधि में डिनोटिफिकेशन या नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। इस मामले में अगली सुनवाई पांच मई को होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए इस मामले से जुड़ीं  दलीलों और लिखित प्रस्तुतियों को सुव्यवस्थित करने के लिए एक नोडल वकील की नियुक्ति का भी आदेश दिया।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने आज गोरखपुर का दौरा कर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनही में हुई समीक्षा बैठक में श्री पाठक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पतालों में मरीजों को उच्च कोटि की चिकित्सा सुविधाएं दी जाएं। सभी को दवा मिले और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

***गोरखपुर जनपद के पूरे विभाग की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की है और सभी अस्पतालों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। चिकित्सक समय से उपस्थित रहें, दवाइयां सभी उपलब्ध हैं। हर स्थिति में मरीजों को उच्च कोटि की चिकित्सा सुविधाएं मिलें। और जो चिकित्सकों की कमी है तत्काल भर्ती करें।***

**********

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण– सीसीपीए ने पिछले तीन वर्षों में आईआईटी–जेईई और नीट से संबंधित कोचिंग सेंटरों को भ्रामक दावों के लिए नोटिस जारी किए हैं। प्राधिकरण ने इस अवधि के दौरान चौबीस कोचिंग सेंटरों पर पचहत्तर लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने कोचिंग सेंटरों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी है।

**********

प्रदेश में सीएनजी की कीमत में एक रुपए प्रति किलो की बढ़ोत्तरी हो गई है। बढ़ोतरी के बाद लखनऊ और आगरा में सीएनजी के दाम सत्तानवे रुपये पचहत्तर पैसे प्रति किलो हो गए हैं, जबकि सुल्तानपुर, उन्नाव और अयोध्या में सीएनजी की कीमत बढ़ोतरी के बाद पच्चानवे रुपये प्रति किलो हो गई है। नई कीमतें कल से लागू हो गई हैं।

**********

आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय चन्द्रशेखर ने अपनी राजनीति में राष्ट्र हित को हमेशा प्रमुखता दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया संदेश में कहा है कि राष्ट्र निर्माण, सामाजिक न्याय और जन कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सभी के लिए पाथेय है।

**********